हैप्पी बर्थडे मनाएंगे | By Riyaz Hindustani

आया जन्मदिन श्याम का भक्तों झूमेंगे और गाएंगे
हैप्पी बर्थडे मनाएंगे, हैप्पी बर्थडे मनाएंगे

धन्य है वो मात मौरवी जिसने गोद खिलाये थे
घटोत्कच के आँगन में वो लल्ला बनकर आये थे
शीश दान कान्हा को देना, कैसे भला भुलायेंगे
हैप्पी बर्थडे मनाएंगे, हैप्पी बर्थडे मनाएंगे

कलयुग के अवतारी मेरे श्याम धणी कहलाते हैं
हारे का सहारा बन निर्धन को गले लगाते हैं
उनके द्वारे पर जाकर जो मांगेंगे सो पाएंगे
हैप्पी बर्थडे मनाएंगे, हैप्पी बर्थडे मनाएंगे

कहे मुन्ना उनकी शक्ति पर ना शक है ना शंका है
श्याम नाम का कलयुग में भी बजता देखो डंका है
देंगे आज बधाई उनको श्रद्धा से शीश झुकायेंगे
हैप्पी बर्थडे मनाएंगे, हैप्पी बर्थडे मनाएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%aa%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a5%e0%a4%a1%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-by-riyaz-hindustani/